**भारत सरकार**
**भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र**
**कार्मिक प्रभाग**

विज्ञापन संख्या: 02/2025 (भर्ती-V)

आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि **13 मई, 2025**

**विकिरण भौतिकी में डिप्लोमा (डिप्लोमा आरपी)- एम.एससी के पश्चात एक वर्ष का पाठ्यक्रम**

विकिरण भौतिकी एवं सलाहकार प्रभाग, (आरपीएंडएडी), भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (भापअकें), वर्ष 1962 से विकिरण भौतिकी में एक वर्ष का डिप्लोमा पाठ्यक्रम (DipRP) संचालित कर रहा है। यह एमएससी के बाद का पाठ्यक्रम है और इसकी अवधि एक वर्ष है। अभी तक इकसठ (61) पाठ्यक्रम (शैक्षणिक वर्ष 2023-2024) सफलतापूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं और बासठ (62) वां बैच (2024-2025) जारी है। प्रारंभ में यह पाठ्यक्रम बॉम्बे/मुंबई विश्वविद्यालय से संबद्ध था तथा वर्ष 2007 से यह पाठ्यक्रम होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान (एक मानद विश्वविद्यालय), मुंबई के तत्वावधान में संचालित किया जा रहा है। 63 वें डिप्लोमा आरपी पाठ्यक्रम का आरंभ अगस्त, 2025 के प्रथम सप्ताह से करने की योजना है। इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए कुल 30 (सरकारी संस्थानों से 5 प्रायोजित अभ्यर्थी ) सीटें आबंटित की गई हैं।

**1. पाठ्यक्रम की विषय वस्तु**

इस पाठ्यक्रम में विकिरण भौतिकी, अनुप्रयुक्त गणित, विकिरण संसूचन एवं मापन के सिद्धांत, विकिरण मात्रामि एवं मानकीकरण, विकिरण जैविकी, चिकित्सा, उद्योग, कृषि एवं अनुसंधान के क्षेत्र में आयनकारी विकिरण तथा रेडियोआइसोटोपों के अनुप्रयोग, रेडियोथेरेपी एवं चिकित्सा बिंबन की भौतिकी, रेडियोसक्रिय पदार्थों का परिवहन, विकिरण संरक्षा एवं नियामक आयाम, विकिरण जोखिम मूल्यांकन एवं नियंत्रण, विकिरण आपाती स्थितियाँ एवं उसका प्रबंधन शमिल है । इस पाठ्यक्रम में चिकित्सा भौतिकविदों और विकिरण संरक्षा अधिकारियों की प्रैक्टिस से संबंधित अभ्यास एवं क्षेत्र प्रशिक्षण भी शामिल है। क्षेत्र प्रशिक्षण की कुल अवधि दस सप्ताह है। [छह सप्ताह भापअ केंद्र में, दो-दो सप्ताह क्रमश : टाटा स्मारक अस्पताल (टीएमएच) एवं विकिरण औषध केंद्र (आरएमसी), मुंबई में होगी] । शिक्षा का माध्यम अंग्रेज़ी है।

**2. योग्यता मानदण्ड**

इस DipRP पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु योग्यता पूर्णकालिक पाठ्यक्रम के माध्यम से की गई एमएससी (भौतिकी) की डिग्री है जिसमें कुल प्राप्त अंक 60% से कम न हो। इसके अतिरिक्त, अभ्यर्थी के पास बीएससी की डिग्री (भौतिकी मुख्य विषय के रूप में) हो जिसमें कुल प्राप्तांक 60% से कम न हो। पूर्ण कालिक पाठ्यक्रम से इंटेग्रेटेड एमएससी (भौतिकी)की डिग्री प्राप्त किये अभ्यर्थी जिन्होंने न्यूनतम 60% अंक प्राप्त किये हैं, वे भी इसके लिए पात्र हैं। यदि ग्रेड प्रणाली हो तो दस्तावेज़ सत्यापन/ साक्षात्कार के समय विश्वविद्यालय से प्राप्त ग्रेड को अंकों की प्रतिशतता में परिवर्तित करने वाली स्कीम प्रस्तुत की जाए । प्रायोजित अभ्यर्थियों के पास भारत में किसी सरकारी संस्थान के विकिरण चिकित्सा विभाग में कम से कम एक वर्ष कार्य करने का अनुभव होना चाहिए । कार्य के अनुभव की गणना वैयक्तिक मॉनीटरन सेवा में भर्ती होने की तारीख से की जाएगी। इस संबंध में प्रमाणपत्र/घोषणा साक्षात्कार के समय प्रस्तुत की जानी चाहिए। प्रायोजित अभ्यर्थी को भापअ केंद्र/अधिकृत प्रयोगशालाओं से वैयक्तिक मॉनीटरन सुविधा लेने का दस्तावेज़ी साक्ष्य साक्षात्कार के समय पर प्रस्तुत करना होगा।

जो अभ्यर्थी एम.एससी. (भौतिकी) डिग्री के अंतिम परिणाम की प्रतीक्षा में है/परीक्षा देने जा रहे हैं, वे भी आवेदन कर सकते हैं। तथापि, ऐसे अभ्यर्थी जिनके कुल प्राप्तांक पिछले वर्ष तक 60% से कम न हो। यदि परीक्षा दे रहे अभ्यर्थियों/ जिन अभ्यर्थियों का परिणाम प्रतीक्षा में है, का DipRP पाठ्यक्रम हेतु चयन होता है, तो उन्हें दिनांक 30 अक्तूबर, 2025 तक अपनी एमएससी डिग्री एवं अंक तालिका जमा करनी होगी अन्यथा उनकी अभ्यर्थिता समाप्त कर दी जाएगी। यदि पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थीगण एम.एससी (भौतिकी) में कुल 60% अंक प्राप्त नहीं कर पाते हैं, तो उनकी अभ्यर्थिता समाप्त कर दी जाएगी।

**<u>कृपया ध्यान दें :-</u>**

आवेदन फार्म भरते समय, अभ्यर्थी एचएससी अर्हता में प्रविष्ठी करते समय, 2 वर्ष की अवधि का उल्लेख करें। यदि एमएससी अभ्यर्थी के अंतिम वर्ष के परिणाम प्रतीक्षित हैं/अंतिम वर्ष की परीक्षा देने जा रहे हैं, तो उन्हें ड्रॉप डाउन बॉक्स में ''Name of the Examination'' से ''Pursuing M.Sc.'' तथा अवधि ''1'' वर्ष के विकल्प का चयन करना होगा। जिन्होंने एमएससी पूर्ण कर ली है, वे ड्राप डाउन बॉक्स में ''Name of the Examination'' से ''M.Sc.''तथा '2' वर्ष की अवधि का चयन करें। इसी प्रकार, अभ्यर्थी को लागू अवधि सहित Integrated M.Sc./Pursuing Integrated M.Sc. का चयन करना होगा।

**3. आयु सीमा**

ऊपरी आयु सीमा यथा दिनांक 01 अगस्त, 2025 को निम्नानुसार होगी :
(ए) सामान्य वर्ग- 26 वर्ष
(बी) अन्य पिछड़ा वर्ग-29 वर्ष
(सी) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति -31 वर्ष
(डी) बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति -आयुसीमा में 10 वर्ष की छूट । (शारीरिक रूप से अशक्त अभ्यर्थी जिनका निचला हिस्सा अशक्त है किन्तु वे खड़े हो सकते हैं और चल सकते हैं तथा शारीरिक रूप से पाठयक्रम की अपेक्षाओं को पूरा करने में सक्षम हैं, केवल उन्हीं पर विचार किया जाएगा।)
(ई) सभी श्रेणियों के प्रायोजित अभ्यर्थियों के लिए ऊपरी आयु सीमा यथा दिनांक 01 अगस्त, 2025 को 40 वर्ष है।

**4. चयन पद्धति**

गैर प्रायोजित अभ्यर्थियों का चयन लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार पर आधारित होगा।कृपया ध्यान दें कि लिखित परीक्षा अभ्यर्थियों को छाटंने मात्र के लिए है और अंतिम चयन पूर्णत :साक्षात्कार में उनके प्रदर्शन के आधार पर होगा। लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार की अनंतिम तिथि निम्नवत है :

**(ए) <u>छंटाई हेतु लिखित परीक्षा :</u>** लिखित परीक्षा दिनांक **22/06/2025 (रविवार)** को **मुंबई स्थित अणुशक्तिनगर – 400094** में प्रात: **11:00 बजे** आयोजित की जाएगी । परीक्षा के दो सप्ताह पूर्व **प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा।** अभ्यर्थियों को अपने लॉगिन का विवरण उपयोग कर से प्रवेश पत्र का प्रिंट लेना होगा । प्रवेश पत्र के बिना अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा में भाग लेने हेतु **अनुमति नहीं दी जाएगी** । लिखित परीक्षा के परिणाम उसी दिन भापअ केंद्र की वेबसाइट <u>www.recruit.barc.gov.in</u> पर घोषित कर दिए जाएंगे। लिखित परीक्षा (1.5 घंटे की अवधि) बहुविकल्पी प्रश्नों पर आधारित होगी एवं गलत उत्तर के लिए **ऋणात्मक अंकन** (नेगेटिव मार्किंग) किया जाएगा।

**(बी) चयन साक्षात्कार**

I. लिखित परीक्षा के माध्यम से लघु **सूचीबद्ध अभ्यर्थियों** का चयन **साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा जो दिनांक 23/06/2025 (सोमवार) से 25/06/2025 (बुधवार) तक के दौरान मुंबई स्थित अणुशक्तिनगर –400094** में प्रात: **10:00 बजे से प्रारंभ होगा।**

II. **प्रायोजित अभ्यर्थियों** का चयन केवल साक्षात्कार के आधार पर होगा। अत: प्रायोजित अभ्यर्थियों को **सीधे साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।**

(सी) सफल अभ्यर्थियों को मुंबई स्थित अणुशक्तिनगर, भापअ केंद्र अस्पताल द्वारा स्वस्थ घोषित किए जाने पर ही पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया जाएगा।

**5. यात्रा-भत्ता (टीए) एवं ठहरना**

लिखित परीक्षा हेतु बुलाए गए अभ्यर्थी यात्रा भत्ता (शयनयान श्रेणी का आने-जाने का रेल किराया) पाने के पात्र हैं। आने-जाने (round trip) का अभिप्राय उनके आवास से मुंबई तक आने-जाने का निकटतम मार्ग है। यात्रा भत्ते का दावा करते समय अभ्यर्थियों को रेलवे टिकट की मूल प्रति प्रस्तुत करनी होगी। तथापि, प्रायोजित अभ्यर्थियों और मुंबई एवं इसके उप नगरीय क्षेत्रों से आने वाले अभ्यर्थियों को यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को मुंबई में कम से कम तीन दिन रहने का प्रबंध स्वयं ही करना होगा क्योंकि लिखित परीक्षा के माध्यम से छांटे गए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिखित परीक्षा के अगले दो-तीन दिनों में लिया जाएगा।

**6. वृत्तिका**

पाठ्यक्रम में प्रवेश मिलने पर प्रत्येक गैर प्रायोजित अभ्यर्थी को एक वर्ष की अवधि हेतु रु. 30,000/-**(रुपये तीस हजार मात्र)** प्रति माह की वृत्तिका पाने के लिए पात्र हैं । प्रायोजित अभ्यर्थी वृत्तिका पाने हेतु पात्र नहीं हैं।

**7. आवास**

पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले सभी अभ्यर्थियों को एक वर्ष की अवधि के लिए अणुशक्तिनगर, मुंबई में छात्रावास उपलब्ध कराया जाएगा। इस आवास हेतु यथा लागू प्रभार अभ्यर्थियों को स्वयं वहन करना होगा। गैर प्रायोजित अभ्यर्थियों के लिए वर्तमान आवास प्रभार **रु.634/-** प्रतिमाह तथा प्रायोजित अभ्यर्थियों के लिए **रु.50/-** प्रति दिन है जिसमें परिवर्तन किया जा सकता है।

**8. प्रवेश शुल्क**

अभ्यर्थियों को प्रवेश के समय प्रवेश शुल्क के रूप में **रु.6000/- (रुपये छह हज़ार मात्र)** का भुगतान करना होगा। शुल्क का भुगतान लेखा अधिकारी, एचबीएनआई को ईसीएस के माध्यम से करना होगा।

**9. जमानत राशि**

अभ्यर्थियों को जमानत राशि के लिए नकद **रु. 2000/- (रुपए दो हजार मात्र)** का भुगतान करना है जो प्रतिदेय है।

**10. बंधपत्र**

गैर प्रायोजित अभ्यर्थियों को एक वर्ष की पूर्ण अवधि के लिए DipRP पाठ्यक्रम हेतु प्रवेश के समय एक बंधपत्र देना होगा। यदि अभ्यर्थी निर्धारित अवधि पूर्ण होने से पहले प्रशिक्षण छोड़ने पर उन्हें वृत्तिका के रूप में प्राप्त संपूर्ण धनराशि यथा लागू ब्याज़ सहित वापस करनी होगी।

**11. प्रमाणपत्र प्रदान किया जाना एवं रोजगार के अवसर**

DipRP पाठ्यक्रम के सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर,अभ्यर्थियों को एचबीएनआई द्वारा विकिरण भौतिकी में एम.एस.सी पश्च डिप्लोमा प्रदान किया जाएगा। तथापि, परमाणु ऊर्जा नियामक परिषद (एईआरबी) की आवश्यकताओं के अनुसार, विकिरण चिकित्सा केंद्र में चिकित्सा-भौतिकविद् के रूप में कार्य करने के लिए योग्यता प्राप्त करने हेतु अभ्यर्थियों को, डिप्लोमा आरपी पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद, एईआरबी द्वारा मान्यता प्राप्त किसी विकिरण चिकित्सा केंद्र में एक वर्ष की चिकित्सा भौतिकी इंटर्नशिप को पूरा करने की आवश्यकता है । कृपया ध्यान दें कि भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र द्वारा एक वर्ष की इंटर्नशिप के दौरान कोई वृत्तिका नहीं दी जाती है । तथापि, जिन विकिरण चिकित्सा केंद्रों द्वारा इंटर्नशिप कार्यक्रम आयोजित किया जाता है उस केंद्र द्वारा अभ्यर्थी को वृत्तिका प्रदान की जा सकती है। इंटर्नशिप कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण हो जाने के बाद अभ्यर्थी आरपीएंडएडी (RP&AD), भापअ केंद्र द्वारा आयोजित विकिरण संरक्षा अधिकारी- चिकित्सा (आरएसओ-चिकित्सा) प्रमाणन परीक्षा देने हेतु पात्र होंगे। इस आरएसओ (चिकित्सा) प्रमाणन परीक्षा के सफलतापूर्वक पूरा हो जाने के बाद, अभ्यर्थीगण चिकित्सा संस्थानों में आरएसओ (चिकित्सा) के रूप में नामित होने के पात्र हो जाएंगे बशर्ते कि एईआरबी का अनुमोदन प्राप्त हो । DipRP (भापअकें) के अभ्यर्थियों हेतु

आरएसओ (चिकित्सा) प्रमाणन परीक्षा के साथ-साथ आरएसओ (उद्योग) प्रमाणन परीक्षा भी आरपीएंडएडी, भापअ केंद्र द्वारा आयोजित की जाती है।

कैंसर रोगियों की बढ़ती हुई आवश्यकता को पूरा करने के लिए विकिरण चिकित्सा केंद्रों की संख्या में बढ़ोतरी होने के कारण भारत में, चिकित्सा भौतिकविदों की आवश्यकता बढ़ती जा रही है। लगभग सभी अभ्यर्थियों को अपने DipRP पाठ्यक्रम एवं चिकित्सा भौतिकी इंटर्नशिप को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के बाद अच्छे वेतन सहित रोज़गार के अवसर प्राप्त होते हैं। आरएसओ (चिकित्सा)/ आरएसओ (औद्योगिक) प्रमाणित अभ्यर्थियों को चिकित्सा/ औद्योगिक संस्थानों में विकिरण संरक्षा अधिकारियों के रूप में कार्य करने का अतिरिक्त लाभ मिलता है। योग्य अभ्यर्थियों को टाटा स्मारक अस्पताल, मुंबई में एक वर्ष की अवधि हेतु इंटर्नशिप के अवसर प्राप्त हो सकते हैं। टीएमएच, मुंबई अत्याधुनिक रेडियोथेरेपी सुविधाओं सहित भारत में अग्रणी विकिरण चिकित्सा केंद्रों में से एक है। टीएमएच में इंटर्नशिप से भारत एवं विदेश में उनके रोज़गार के अवसरों में और अधिक वृद्धि होती है। इसके अतिरिक्त, डिप्लोमा आरपी पाठ्यक्रम में शीर्ष के कुछ स्थान प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को परमाणु ऊर्जा विभाग (पऊवि) /परमाणु ऊर्जा नियामक परिषद (एईआरबी) की संस्थापनाओं में तकनीकी/ वैज्ञानिक अधिकारी/सी के ग्रेड में तकनिकी/वैज्ञानिक अधिकारी के रूप में भर्ती होने के अवसर प्राप्त हो सकते हैं। यह भर्ती पऊवि/एईआरबी संस्थापनाओं में उपलब्ध रिक्तियों के अधीन है।

## 12. आवेदन शुल्क एवं भुगतान का माध्यम

इच्छुक अभ्यर्थी केवल ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से रु. **500/- (रुपये पांच सौ मात्र)** के अप्रतिदेय आवेदन संसाधन शुल्क के साथ अपने ऑनलाइन आवेदन को जमा करें। **अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति** के आवेदक, युद्ध में मारे गए रक्षा कार्मिकों के आश्रितों (DODPKIA), महिला अभ्यर्थियों एवं बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट प्राप्त है।

**भुगतान की पद्धति:**

1. आवेदन शुल्क के ऑनलाइन भुगतान हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के बाद निर्मित नंबर की आवश्यकता होगी। अत: आवेदन शुल्क के ऑनलाइन भुगतान से पहले आवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य है। तथापि, शुल्क का भुगतान 'नहीं' करने पर आवेदन को अपूर्ण माना जाएगा तथा आवेदन रद्द कर दिया जाएगा।
2. अभ्यर्थी को ,शुल्क के भुगतान हेतु **'My Account'** मेन्यू के अंतर्गत **'Make Payment'** पर क्लिक करना होगा। आवेदन प्रस्तुतीकरण के समय निर्मित नंबर को **Drop-down box** से चुना जा सकता है और 'submit' बटन पर क्लिक करने के बाद अभ्यर्थी ऑनलाइन भुगतान हेतु अगले पृष्ठ पर जा सकते हैं।
3. आवेदन शुल्क के भुगतान हेतु विस्तार से दिशा-निर्देश **"Job Application" → "How to pay Application fee"** मेन्यू के अंतर्गत दिया गया है।
4. एक बार भुगतान किए गए शुल्क को किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जा सकता है और किसी अन्य भर्ती हेतु इसे आरक्षित नहीं रखा जा सकता है।
5. ऑनलाइन आवेदनों की प्राप्ति की अंतिम तारीख पर अथवा उससे पूर्व आवेदन शुल्क का भुगतान कर दिया जाना चाहिए।

## 13. <u>महत्वपूर्ण टिप्पणी</u>

- आवेदन केवल ऑनलाइन ही स्वीकार्य हैं। ऑनलाइन आवेदन की सुविधा दिनांक 22/04/2025 से 13/05/2025 तक उपलब्ध रहेगी।
- ऑनलाइन आवेदन करते समय, **प्रायोजित अभ्यर्थी मात्र ''अन्य जानकारी''** के कॉलम में प्रायोजकता संबंधी विवरण यथा अभ्यर्थी को प्रायोजित करने वाले संस्थान का नाम और पता का विवरण दें।

- फोटोग्राफ: हल्के पृष्ठभूमि में सामने से खींचें गए पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ आवेदन के साथ अपलोड करना होगा।
- प्रायोजित अभ्यर्थियों के मामले में, प्रायोजित करने वाली संस्था द्वारा यह प्रमाणित किया जाए **(अनुलग्नक-I)** कि उनके अभ्यर्थी उनके संस्थान द्वारा पूर्णकालिक/स्थायी कर्मचारी के रूप में नियोजित हैं तथा एक वर्षीय पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद और इसके साथ-साथ किसी मान्यता प्राप्त विकिरण चिकित्सा केंद्र में एक वर्ष का इंटर्नशिप कार्यक्रम पूरा करने पर उन्हें चिकित्सा भौतिकविद के रूप में पदनामित किया जाएगा।
- केंद्र/राज्य सरकार/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत व्यक्ति को अपना आवेदन पत्र उचित माध्यम के द्वारा ही भेजना होगा। तथापि, वे आवेदन की अग्रिम प्रति ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। जो आवेदन निर्धारित फार्म में (ऑनलाइन) प्रस्तुत नहीं किए गए हैं, उन्हें अस्वीकार किया जा सकता है।
- जो आवेदन - पत्र विज्ञापन में उल्लिखित आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं हैं, उन्हें अस्वीकृत कर दिया जाएगा। केवल विज्ञापन में दी गई अपेक्षाएं पूर्ण करने से ही अभ्यर्थी लिखित परीक्षा अथवा साक्षात्कार के लिए योग्य नहीं होगा क्योंकि सीमित संख्या (अंको के आधार पर चयन किया जाएगा) में ही अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा अथवा साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।
- जिन अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा/साक्षात्कार हेतु नहीं बुलाया गया है उनसे कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।
- छंटाई/साक्षात्कार/चयन से संबंधित समस्त जानकारी वेबसाइट **http://www.barc.gov.in** / **www.recruit.barc.gov.in** पर उपलब्ध करवाई जाएगी। अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि इस संबंध में सूचना एवं अद्यतन जानकारी हेतु आवधिक रूप से वेबसाइट देखें। यह माना जाएगा कि वेबसाइट पर प्रदर्शित जानकारी अभ्यर्थियों के लिए सूचना है।
- किसी भी प्रकार की शंकाएं होने पर, अभ्यर्थी **niyukti5@barc.gov.in** पर ईमेल कर सकते हैं।
- इस अधिसूचना से उत्पन्न किसी प्रकार के कानूनी विवाद मुंबई न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अधीन होंगे तथा किसी प्रकार के विवाद की स्थिति में भापअ केंद्र की वेबसाइट पर प्रदर्शित विस्तृत विज्ञापन के अंग्रेज़ी रूपांतर का संदर्भ लिया जाना चाहिए।
- इस विज्ञापन से संबंधित शुद्धिपत्र/अनुशेष, यदि कोई हो, तो उसे केवल भापअकें की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।
- ऑनलाइन आवेदन के प्रस्तुतीकरण हेतु वेबसाइट **www.recruit.barc.gov.in** देखें।

**किसी भी प्रकार की सिफ़ारिश को अयोग्यता माना जाएगा।**

**जिन अभ्यर्थियों का चयन नहीं हुआ है, उनके अभिलेख चयन सूची के प्रकाशन की तिथि से छह माह से अधिक संभालकर नहीं रखे जाएंगे।**

**प्रायोजन प्रमाणपत्र के लिए प्रपत्र**

(संस्थान के पत्रशीर्ष पर जारी किया जाना चाहिए)

मैं,--------------------------------------------------- इस संस्थान का अध्यक्ष/निदेशक एतदद्वारा श्री / श्रीमती/कुमारी -------------------------------------------को विकिरण भौतिकी एवं सलाहकार प्रभाग, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, द्वारा शैक्षणिक वर्ष 2025-2026 के लिए आयोजित "एम.एससी के पश्चात विकिरण भौतिकी में एक वर्ष का डिप्लोमा पाठ्यक्रम " के लिए प्रायोजित करता/करती हूँ।

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि श्री/श्रीमती/कुमारी --------------------------------------इस संस्थान में दिनांक -------------------------से ---------------------------------के रूप में स्थायी आधार पर कार्यरत हैं। वे कार्मिक मानीटरन सेवा के अधीन हैं तथा उनका टीएलडी पंजीयन सं .__________है। मैं यह भी घोषणा करता/करती हूँ कि पाठ्यक्रम पूरा करने पर और बाद में एईआरबी द्वारा मान्यताप्राप्त विकिरण केंद्र में एक वर्ष हेतु इंटर्नशिप कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद उन्हें संस्थान के आयुर्भौतिकीविद् के रूप में पदनामित किया जाएगा।

मैं उपर्युक्त अभ्यर्थी के प्रशिक्षण संबंधी सभी व्यय वहन करने और प्रशिक्षण की अवधि के दौरान उनको रु . -------------------------) रुपये (-------------------------------------------------------------------मासिक वृत्तिका/वेतन देने का उत्तरदायित्व लेता/लेती हूँ। "

दिनांक :
स्थान :

(हस्ताक्षर)

संस्थान के अध्यक्ष/निदेशक का नाम, पदनाम, पता
और कार्यालय की मुहर
दूरभाष (कार्यालय एवं मोबाईल) :

ई-मेल: